दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

**आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।**

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, शनिवार 20 अप्रैल 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-197

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पीएम मोदी ने दी हनुमान जयंती की शुभकामनाएं

**नईदिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को हनुमान जयंती के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी। मोदी ने ट्विटर पर लिखा, हनुमान जयंती की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। पवनपुत्र का जीवन, उनका समर्पण, उनकी भक्ति और दृढ़ संकल्प हमें राइयों के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा देता है।

### मसूद अजहर के खिलाफ कार्रवाई से पाक का इनकार

**इस्लामाबाद।** मसूद अजहर पर प्रतिबंध लगाने के मामले पर पाकिस्तान किसी के भी 'दबाव' में नहीं आएगा। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मोहम्मद फैसल ने यह बात कही। फैसल का यह बयान चीन के उन रपटों को खारिज करने के बाद आया है जिसमें यह कहा गया था कि अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस ने चीन को अल्टीमेटम दिया है कि वह संयुक्तराष्ट्र द्वारा जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख अजहर को अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी घोषित करने के मसले पर अपने 'तकनीकी रोक' को हटा ले। फैसल ने कहा कि अजहर पर पाकिस्तान का रुख स्पष्ट है। भारत का आरोप है कि 14 फरवरी को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तान स्थित अजहर के जैश-ए-मोहम्मद का हाथ है। इस हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 40 जवान शहीद हो गए थे। अजहर को अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी घोषित करने पर चीन द्वारा तकनीकी रोक लगाए जाने के मसले पर फैसल ने कहा, इस मामले में पाकिस्तान जो भी निर्णय करेगा वह उसके राष्ट्रहित में होगा। पाकिस्तान इसमें किसी के दबाव में नहीं आएगा। बता दें, इससे पहले चीन ने उन खबरों को खारिज कर दिया कि अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस ने इस मामले पर उसे अल्टीमेटम दिया है।

### नाव पलटने से 104 लोगों की मौत, 30 को बचाया गया

**किन्शासा।** कांगो में दक्षिणी किवु प्रांत के किवु झील में नाव के पलटने से गुरुवार को कम से कम 104 लोगों की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद कांगो के राष्ट्रपति फेलिक्स त्शिसेकेदी मौके पर पहुंचे तथा स्थानीय अधिकारियों से घटना के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने पीड़ित परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात की। राष्ट्रपति ने मृतकों की याद में एक दिन के राष्ट्रीय शोक तथा किवु झील में नौकावाहन के दौरान यात्रियों के पहनने वस्त्र सहित सुरक्षा के अन्य उपायों और नियमों की घोषणा की। कालेहे क्षेत्र के प्रशासक मुअम्बा सिबवावा ने बताया कि नाव में 150 लोग सवार थे, जिसमें से 104 लोगों की मौत हो गयी जबकि 30 लोगों को बचा लिया गया। अन्य लोगों के बारे में अभी तक पता नहीं चल पाया है।

### लीबिया में 500,000 बच्चों के प्रभावित होने का अनुमानः संरा

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि पश्चिमी लीबिया में हिंसा के कारण लगभग 500,000 बच्चों के प्रभावित होने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की कार्यकारी निदेशक हेनरिटा फोर और बच्चों एवं सशस्त्र संघर्ष के लिए संरा महासचिव की विशेष प्रतिनिधि वर्जीनिया गाम्बा ने गुरुवार को संयुक्त बयान में कहा कि इनमें से लगभग 1,800 बच्चों को तत्काल इन क्षेत्रों से निकालने की आवश्यकता है।

### हार्दिक पटेल को शख्स ने जड़ दिया थप्पड़

**अहमदाबाद।** बीते गुरुवार को बीजेपी नेता और राज्यसभा सदस्य जीवीएल नरसिम्हा राव पर एक शख्स ने जूता फैंका था। इस दौरान जीवीएल दिल्ली के बीजेपी दफ्तर में प्रेस कांफ्रैंस कर रहे थे। आज एक और मामला सामने आया है जिसमें आज गुजरात में कांग्रेस के नेता हार्दिक पटेल रैली को संबोधित कर रहे थे तो एक शख्स ने मंच पर आकर उन्हें चाटा मार दिया।

बताया जा रहा है कि यह घटना सुरेंद्र नगर के बढवान में हुई है। यहां पर मौजूद लोगों ने चाटा मारने वाले शख्स की बुरी तरह पिटाई की। पुलिस ने उसे बड़ी मुश्किल से बचाया।

---

## आर.एल. अग्रवाल हॉस्पिटल के विरूद्ध न्यायोचित जॉच की मांग

# मेरे भाई की मेडिकल नेग्लीजेंसी कर हत्या की गई - अवधेश कुर्रे

### साथ के मरीजों के, घटना के सम्बंध में दिए बयानों का दिया हवाला

### पुलिस के उपर भी जॉच नहीं करने और लापरवाही बरतने का आरोप




मृतक का भाई

**न्यायासाक्षी/रायगढ़। मृतक सुभाष कुर्रे के भाई अवधेश कुर्रे ने लिखित में मय शपथ-पत्र आवेदन देकर सनसनीखेज़ आरोप लगाए हैं, और प्रदत्त आवेदन का संदर्भ ये है कि दिनॉक 16 मार्च को मेरे भाई स्व श्री सुभाष कुर्रे को पैर टूटे जाने के कारण रायगढ़ पुलिस पेट्रोल पम्प के सामने आर एल अग्रवाल हास्पिटल में डा. प्रशांत अग्रवाल से ईलाज किए जाने हेतु एडमिट किया गया था, जिसकी मेडिकल नेग्लीजेंसी के तहत 20 मार्च को हत्या कर दी गई, इससे मामले में एक नया मोड़ आ गया है।**

अपने आवेदन में अवधेश कुर्रे पिता हेमलाल कुर्रे, ने कहा कि, मेरे भाई स्व सुभाष कुर्रे दिनॉक 12 मार्च को जो सुबह 11 बजे के आस-पास उर्दना के पास मोटर साईकिल से जाते हुए अनबैलेंस होकर के गिर गया था। तब, किसी अंजान व्यक्ति ने फोन करके 108 को बुलवाया और ईलाज हेतु केजीएच (मेकाहारा) में एडमिट किया गया था। मेरे भाई ने अपनी पत्नी ईश्वरी कुर्रे को फोन पर उक्त सम्बंध में बताया, तब मैं तुरंत अपने पिता एवं बहु ईश्वरी कुर्रे, के साथ रायगढ़ हास्पिटल पहुॅचा, जहॉ हमें बताया गया कि एक्सरें हो गया है, सुभाष का पैर टूट गया है और सूजने के कारण आपरेशन अभी नहीं हो पाएगा। कच्चा प्लास्टर कर दिया गया था। यह भी बताया गया कि, दो-तीन दिन सूजन कम होने में लगेगा, उसके बाद ही ऑपरेशन होगा।

अपने आवेदन में विस्तार से बताया कि 16 मार्च को हमारे द्वारा सर्जरी के सम्बंध में डा मिरी से पूछा तो उन्होने कहा कि सूजन कम नहीं हुई है, एक-दो दिन और रुकना पड़ेगा। तब, हम लोगों को लगा कि यहॉ से अच्छी व्यवस्था हमें स्थानीय आर एल अग्रवाल हास्पिटल में हो सकती है, तब मैं करीब 12 बजे लगभग आर एल अग्रवाल हास्पिटल गया और वहॉ उपस्थित स्टॉफ को, अपने भाई की मेडिकल हिस्ट्री बताई, जिसपर उन्होने कहा कि आप डिस्चार्ज कराके ले आईयें, यहॉ ईलाज हो जाएगा। तक सुभाष को आरएल अग्रवाल हॉस्पिटल में दिनॉक 16/03/2019 को शाम को 3 बजे करीब शिफ्ट किया। तुरंत एक्सरें किया गया, डा प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि सूजन कम नहीं हुई है, एक-दो दिन रुकने के बाद ही ऑपरेशन हो सकेगा।

अपने आवेदन में कहा कि, हमें 19 मार्च को ऑपरेशन की तिथि बताई गई, 3-4 बजे के करीब मेरे भाई का ऑपरेशन किया गया। हमें बताया गया कि ऑपरेशन सक्सेसफुल था, और मेरे भाई को ऑपरेशन के बाद वार्ड में, शिफ्ट किया गया। मेरी बहू / सुभाष की पत्नी ईश्वरी कुर्रे अस्पताल में मेरे भाई के पास थीं। दूसरे दिन सुबह मेरा भाई एकदम ठीक था, बात-चीत कर रहा था,करीब 7.30 बजे मुझे बताया गया कि मेरे भाई की तबियत बेहद खराब है, मैं लगभग दौड़ते-भागते अपने भाई के पास पहुॅचा तो मेरी बहु ईश्वरी कुर्रे ने बताया कि अभी नर्स आई थीं, ये एकदम ठीक थें, इंजेक्शन लगने के तुरंत बाद,, निडिल भी बाहर नहीं निकाल पाई, मेरे भाई ने दम तोड़ दिया। अवधेश ने देखा तो उसके भाई के पूरे शरीर पर चक़ता-चक़ता पड़ गया था, जिसे देखकर जब उसने डा प्रशांत अग्रवाल से चकतें के बारे में पूछा तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। जिससे उसे लगा कि गलत ट्रिटमेंट किया गया है। इसके बाद खबर फैलने के कारण रिश्तेदार और सारा मीडिया भी आ गया। मैंने सभी को जानकारी दी, नारे-बाजी होने लगी, मेरे परिवार के सभी सदस्य भी आ गए। जिसके बाद एसडीएम रायगढ़ आए, बोले कि इस मामले की निष्पक्ष जॉच कराऐंगे, जिसपर हमने सहज विश्वास किया। हमारे निवेदन किए जाने पर पोस्टमार्टम् की वीडियोग्राफी कराए जाने बाबत् एसडीएम ने अनुमति प्रदान की थीं। मुआवजा दिए जाने के बारे में भी लगातार कहा जाने लगा, तब डा प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि मैं मुआवजा नहीं दे सकता, तब उनके पास बैंठे एक व्यक्ति जिनका नाम मुझे बाद में पता चला कि सुशील मित्तल उर्फ पप्पल है, ने कहा कि ये सब हो-हल्ला बंद करो, ये पचास हजार रुपये रखों, कफन-दफन कराओं, और चलते बनों।

अपने आवेदन में कहा कि, विदित हो कि मेरे भाई के दम तोड़ने के बाद सभी एडमिट मरीजों को भी अस्पताल से भगा दिया गया। हम लोग भी साहब, अपने भाई के अनायास मौत से बेहद दुखी थें, इसलिए वहॉ से हट गए, मेरे भाई का दश्गात्र दिनॉक 27

### एक और सुभाष एडमिट था

**अवधेश ने बताया कि उसने अपने भाई के साथ एडमिट मरीजों के बाबत् खोज-बीन आरंभ की। और दिनॉक 03 अप्रैल को एक और सुभाष को खोज लिया जो कि उसके भाई के साथ ही उक्त अस्पताल में उसी दिनॉक को एडमिट थे। कहा कि, जिसको मैं मिलने के लिए गया तो और भी एक मरीज "रहमतुन खातून" के बारे में पता चला, जिससे भी मैं मिला, तब उनके द्वारा उस दिन की घटना के साथ, उनके खुद के बारे में भी, एवं अस्पताल में हो रही भर्रा-शाही के बारें में बताया, जिसके दस्तावेज मेरे पास हैं।**

### क्या मिल पाएगा न्याय!

**अपने आवेदन में पुलिस जॉच पर भी प्रश्नचिन्ह लगातें हुए कहा कि, पुलिस ने अभी तक पोस्टमार्टम् से प्राप्त किया हुआ "विसरा" तक जॉच के लिए नहीं भेजा है, जिससे प्रमाणित है कि रायगढ़ पुलिस मेरे भाई की गैर-ईरादतन् हत्या के केस को दबाना चाह रहे है, कहा कि, मुझे पोस्टमार्टम् की रिपोर्ट भी नहीं दी जा रही है, जिससे मैं और मेरा परिवार बेहद आहत हैं, इसलिए इस आवेदन को चीफ जस्टिस् ऑफ इंडिया, सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया, राज्यपाल महोदय, चीफ जस्टिस् ऑफ छत्तीसगढ़, मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली, भूपेश बघेल मुख्यमंत्री, उमेश पटेल , केबीनेट मंत्री, पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, सत्र एवं जिला न्यायाधीश, रायगढ़, के साथ ही एसपी महोदय, रायगढ़, थाना प्रभारी, थाना कोतवाली, थाना प्रभारी, थाना करतला, के समक्ष प्रस्तुत किए जाने की आवश्यकता हुई। अब ये देखना है कि इस मामले में न्यायोचित जॉच किया जाकर अवधेश कुर्रे को क्या न्याय मिल पाता है?**

---

## प्रियंका चतुर्वेदी ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका चतुर्वेदी ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। बताया जा रहा है कि वह शिवसेना में शामिल हो सकती हैं। प्रियंका पिछले कई दिनों से अपनी ही पार्टी से नाराज चल रही थीं। उनका आरोप था कि कांग्रेस में उन गुंडों को तरजीह दी जा रही है, जो महिलाओं के साथ बदसलूकी करते हैं।**

प्रियंका चतुर्वेद ने एक पत्र लिखकर प्रियंका चतुर्वेदी ने पार्टी नेतृत्व को अपनी भावनाओं से अवगत कराया है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि जो लोग धमकियां दे रहे थे, वह बच गए हैं। इनका बिना किसी कड़ी कार्रवाई के बच जाना काफी दुर्भाग्यपूर्ण हैं। प्रियंका चतुर्वेदी ने एक ट्वीट को रिट्वीट करते हुए इस संदेश को लिखा, इसके साथ एक चिट्ठी भी जुड़ी हुई है।

पत्र के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मथुरा में जब प्रियंका चतुर्वेदी पार्टी की तरफ से राफेल विमान सौदे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करने आई थीं। आरोप है कि कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उनके साथ बदसलूकी की। इसके बाद कुछ पर कार्रवाई भी हुई थी। चिट्ठी में अनुशासनात्मक कार्रवाई की बात की गई। लेकिन ये भी लिखा है कि ज्योतिरादित्य सिंधिया के कहने पर ये कार्रवाई रद्द कर दी गई है।

## पूरे देश में आपात हेल्पलाइन नंबर '112' से जुड़े 20 राज्य

**नईदिल्ली।** पूरे देश भर के 20 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेश अब तक आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर '112' से जुड़ गये हैं । इस नंबर पर संकट की घड़ी में कोई भी तत्काल सहायता मांग सकता है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। '112' हेल्पलाइन पुलिस (100), दमकल (101) और महिला हेल्पलाइन(1090) नंबरों का समांतर नंबर है और यह योजना केन्द्र सरकार के 'निर्भया फंड' के तहत लागू की जा रही है। अमेरिका में भी आपात सेवा का इसी तरह का एक नंबर '911' है। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि जो 20 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश इससे जुड़े हैं उनमें हिमाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, गुजरात, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दादर और नगर हवेली, दमन और दीव, जम्मू और कश्मीर और नागालैंड शामिल हैं। इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम (ईआरएसएस) ने पूरे भारत में एकल आपात नंबर '112' की परिकल्पना की है जो एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त नंबर है जिसका लक्ष्य सभी तरह की आपात सेवा मुहैया कराना है। अधिकारी ने बताया कि सभी मोबाइल फोनों में एक पैनिक बटन पहले से ही बनाया गया है जिसे किसी आपात स्थिति में '112' पर कॉल करने के लिए क्रियाशीलकिया जा सकेगा ।

---

### रायचूर में इंजीनियरिंग छात्रा के साथ दरिंदगी, जलाकर पेड़ पर लटकाई लाश

**रायचूर।** कर्नाटक के रायचूर में हत्या का एक खौफनाक मामला सामने आया है. जहां एक इंजीनियरिंग की छात्रा को बेरहमी से जलाकर मार डाला गया. उसकी जली हुई लाश एक सुनसान जगह पर पेड़ से लटकी हुई पाई गई. हत्या के इस मामले को सुसाइड दिखाने की कोशिश भी की गई. लाश के पास एक सुसाइड नोट भी मिला, लेकिन प्रारंभिक जांच में मामला खुलकर सामने आ गया। रायचूर में बीती 16 अप्रैल को एक इंजीनियरिंग की छात्रा मधु का जला हुआ शव मिला था. जो एक सुनसान जगह पर पेड़ से लटका हुआ था. पुलिस ने मौका-ए-वारदात पर छानबीन की तो वहां से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ. जिसमें लिखा था कि उसने खुद अपनी जाल ली है।

## राज्यों को मिलेगी ज्यादा मदद

# केन्द्र सरकार की मदद से मिड-डे मील की बढ़ेगी गुणवत्ता



**नई दिल्ली।** मिड-डे मील के तहत स्कूली बच्चों को अच्छा खाना उपलब्ध कराने वाले राज्यों को केंद्र ने अतिरिक्त मदद देने की पेशकश की है। हालांकि इसके लिए राज्यों को उठाए गए जरूरी कदमों और संसाधनों का ब्यौरा देना होगा। केंद्र ने फिलहाल सभी राज्यों को 15 दिन के भीतर ऐसी जानकारी उपलब्ध कराने को कहा है। केंद्र के इस कदम को स्कूली बच्चों को दिए जाने वाले खाने की गुणवत्ता को बेहतर बनाने से जोड़कर देखा जा रहा है।

केंद्र ने इसे लेकर राज्यों से फिलहाल मिड-डे मील की गुणवत्ता को जांचने के लिए जिन बिंदुओं पर ब्यौरा देने को कहा है, उनमें अब तक बनाई रसोई, हर दिन के हिसाब से उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन का मेन्यू, तिथि जैसे विशेष भोजन के साथ अभिभावकों और स्थानीय लोगों की भागीदारी जैसी जानकारी देने को कहा गया है। सरकार ने इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष 2019-20 के लिए राज्यों से जिलेवार वार्षिक योजना और बजट का ब्यौरा भी देने को कहा है। साथ ही यह संकेत भी दिया है, वह नई सरकार के गठन से पहले इससे जुड़ी कवायद को पूरा कर लेना चाहती है।

यही वजह है कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने मिड-डे मील के लिए राज्यों के मसौदे को अंतिम रुप से लिए तारीखें भी तय कर दी है, जो मई में होगी। मौजूदा सरकार के रुख को देखते हुए मंत्रालय ने नई सरकार के गठन के बाद जिन कामों को प्राथमिकता में रखा है, उनमें मिड-डे की गुणवत्ता के लिए राज्यों को प्रोत्साहित करने का यह कदम भी शामिल है।

## गेस्ट हाउस कांड के बाद भी सपा से गठबंधन एक कठिन फैसला



**मैनपुरी।** लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा को सबक सिखाने के मकसद से हुआ समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी व राष्ट्रीय लोकदल का गठबंधन रंग ला रहा है। गठबंधन आज दो दशक बाद मुलायम सिंह यादव व मायावती को एक मंच पर लाने में सफल रहा है।

मैनपुरी के क्रिश्चियन कॉलेज ग्राउंड में बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने कहा कि इस बार भाजपा को सबक दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश में बसपा-सपा-आरएलडी का गठबंधन हुआ है। उन्होंने कहा कि आप लोग सोच रहे होंगे कि गेस्ट हाउस कांड के बाद भी हमने समाजवादी पार्टी से गठबंधन क्यों किया। लखनऊ में 1995 में हुए न भूलने वाले गेस्ट हाउस कांड के बाद भी हम साथ चुनाव लड़ रहे हैं। बसपा मुखिया मायावती ने कहा कि पार्टी हित और देश हित में कुछ कठिन फैसले लेने पड़ते हैं। कभी-कभी कठिन फैसले लेने पड़ते हैं। हमने देश के हालात को देखते हुए सपा व रालोद के साथ गठबंधन किया है।